पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), फैक्स–0771–2262818, 2262607

क्रमांक : 356 /अका./का.प./2010 रायपुर, दिनांक : 04 /03/2010

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आपातिक बैठक सोमवार, दिनांक 22 फरवरी, 2010 को अपरान्ह 3.00 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे :–

1.	प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति	–	अध्यक्ष
2.	प्रो. विभूति राय	–	सदस्य
3.	प्रो. एस.के. सिंह	–	सदस्य
4.	डॉ. अंजनी कुमार शुक्ल	–	सदस्य
5.	डॉ. एस.के. मुखर्जी	–	सदस्य
6.	श्री अशोक लोहिया	–	सदस्य
7.	श्री महेश चद्र शर्मा	–	सदस्य
8.	श्री देवजी भाई पटेल	–	सदस्य
9.	श्री रामजी भारती	–	सदस्य
10.	डॉ. शिव कुमार डहरिया	–	सदस्य
11.	डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव	–	सचिव

कार्यवृत्त

बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिये गए :–

1. मुख्य परीक्षा 2010 की तैयारी एवं परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय : कुलपति जी द्वारा मुख्य परीक्षा 2010 की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कुलसचिव द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या (स्नातक परीक्षार्थी 1,21,856 एवं स्नातकोत्तर परीक्षार्थी 32,281 कुल छात्र संख्या 1,54,137) की जानकारी दी गई। कुलसचिव को यह निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा संबंधी अध्यादेशों के अनुरूप परीक्षा संचालन की समुचित व्यवस्था की जाए तथा समन्वय समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में समस्त परीक्षा परिणाम भी घोषित किया जाए। कुलसचिव ने कार्यपरिषद् को आश्वस्त किया कि परीक्षा संचालन की पूर्ण तैयारी की जा चुकी है तथा निर्धारित समयावधि में परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी की जाएगी।

2. गोपनीय मुद्रण सत्र 2008–09 के भुगतान व सत्र 2009–10 के लिए अनुमति के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय : कुलसचिव द्वारा गोपनीय मुद्रण 2008–09 की परीक्षा पर भुगतान की जानकारी दी गई तथा परीक्षा 2010 के लिए कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत गोपनीय मुद्रण की जानकारी, की सूचना ग्रहण कर अनुबंध करने की अनुमति दी गई।

3. सत्र 2008–09 में प्रवेशित बी.एस–सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम के संबंध में विचार करना।

निर्णय : सत्र 2008–09 में प्रवेशित बी.एस–सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम के संबंध में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, मंत्रालय डी.के.एस. भवन, रायपुर के पत्र को सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया एवं D.M.E. द्वारा Counseling से/मैनेजमेंट कोटा के अन्तर्गत प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूची प्राप्त कर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ.क्र. : 357 /अका./का.प./2010 रायपुर, दिनांक : 04/03/2010

प्रतिलिपि :–

1. महामहिम कुलाधिपति के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर ।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. समस्त विभागीय अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि विभाग से संबंधित निर्णयों का पालन प्रतिवेदन इस विभाग को प्रेषित करने का कृपया कष्ट करें।
4. जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/वित्त नियंत्रक/ प्रभारी अंकेक्षण,
5. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

उप कुलसचिव (अका.)